दैनिक

क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

बर्ष :-04
अंक:-226
मुरादाबाद
07 December 2024
(Saturday)
पृष्ठ:-08
मूल्य:- 3.00 रुपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

प्रसारित क्षेत्र–बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

महापरिनिर्वाण दिवस पर बीआर आंबेडकर को दी गई श्रद्धांजलि; कुछ इस अंदाज में मिले पीएम मोदी और खरगे

प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि आज जब देश उनके योगदान को याद कर रहा है तो वे उनकी दृष्टि को पूरा करने की अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर दोहराते हैं।संसद भवन लॉन में 69वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर डॉ. बीआर आंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद,

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान पीएम मोदी और खरगे ने कुछ खास अंदाज में एक दूसरे का स्वागत किया। दोनों ने एक-दूसरे से हाथ मिलाया और किसी भी ठहाके लगाकर हंसते हुए दिखाई दिए। पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि - इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि आज जब देश उनके योगदान को याद कर रहा है तो वे उनकी दृष्टि को पूरा करने की अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर दोहराते हैं। पीएम मोदी ने क्या कहा? उन्होंने 'एक्स' कहा, %महापरिनिर्वाण दिवस पर, हम अपने संविधान के निर्माता और सामाजिक न्याय के प्रतीक डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर को नमन करते हैं। समानता और मानवीय गरिमा के लिए डॉ. आंबेडकर का अथक संघर्ष पीढ़ियों को प्रेरित करता रहा है। आज जब हम उनके योगदान को याद कर रहे हैं, हम उनकी दृष्टि को पूरा करने की अपनी प्रतिबद्धता को भी दोहराते हैं। प्रधानमंत्री ने इस पोस्ट के साथ ही इस साल की शुरुआत में मुंबई में चैत्य भूमि की अपनी यात्रा से जुड़ी एक तस्वीर भी साझा की और लिखा, %जय भीम%। आदर्शों और संविधान की रक्षा करने की जरूरत- खरगे कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि बीआर आंबेडकर के आदर्शों और उनके सर्वोत्तम योगदान भारत के संविधान की रक्षा, सुरक्षा और संरक्षण की सख्त जरूरत है। महापरिनिर्वाण दिवस पर हम संविधान और सामाजिक न्याय के प्रबल समर्थक के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। उन्होंने अपना पूरा जीवन स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व और न्याय के लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया।छह दिसंबर को मनाई जाती है पुण्यतिथि- आंबेडकर की पुण्यतिथि हर वर्ष छह दिसंबर को मनाई जाती है। इसे 'महापरिनिर्वाण दिवस' के तौर पर मनाया जाता है। बाबासाहेब आंबेडकर का निधन छह दिसंबर, 1956 को नयी दिल्ली में हुआ था।

संक्षिप्त समाचार

बाबरी मामले के पक्षकार इकबाल अंसारी बोले- अब अयोध्या में शांति... सभी ने कोर्ट के फैसले को स्वीकारा

बाबरी मामले के पूर्व पक्षकार इकबाल अंसारी ने कहा कि अब अयोध्या में छह दिसंबर नहीं मनाया जाता है। मुसलमानों ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को स्वीकार किया है।बाबरी मामले के पूर्व पक्षकार इकबाल अंसारी ने कहा कि अयोध्या में अब शांति है। अब यहां छह दिसंबर नहीं मनाया जाता है। पूरे देश के मुसलमानों ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को स्वीकार किया है। अब कहीं कोई झगड़ा नहीं है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में अब हिंदू-मुसलमान साथ मिलकर रह रहे हैं। हमारे देश के लिए जरूरी है कि हिंदू-मुसलमान साथ मिलकर रहें।अंसारी ने कहा कि अब न तो कोई विवाद रहा और न ही मुकदमा है। अयोध्या गंगा जमुनी तहजीब की धरती है। राम मंदिर बन चुका है अब कोई लड़ाई नहीं है।

सड़क हादसों में मौतों पर गडकरी बोले- लोगों में कानून को लेकर न कोई सम्मान, न ही डर

केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री निति गडकरी ने कहा कि कड़ी कोशिशों के बावजूद इस साल सड़क दुर्घटनाओं में 1.68 लाख मौतें हुई हैं। इनमें से बड़ी संख्या में मौतें इसलिए हुई क्योंकि सड़कों पर नियमों का सख्ती से पालन नहीं किया गया है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में मौतों को कम करने के सरकार के लगातार प्रयासों के बावजूद हताहतों की संख्या में वृद्धि हो रही है। ऐसा इसलिए क्योंकि आम नागरिकों में न तो कानून के प्रति सम्मान है और न ही डर। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान जवाब देते हुए गडकरी ने कहा कि चार कारक हैं, जो सड़क दुर्घटनाओं को कम करने में मदद कर सकते हैं। ये हैं, सड़क इंजीनियरिंग, ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग, कानून का प्रवर्तन और लोगों की शिक्षा।इस साल सड़क हादसों में 1.68 लाख मौतें - गडकरी ने कहा, कड़ी कोशिशों के बावजूद इस साल सड़क दुर्घटनाओं में 1.68 लाख मौतें हुई हैं। इनमें से बड़ी संख्या में मौतें इसलिए हुई क्योंकि सड़कों पर नियमों का सख्ती से पालन नहीं किया गया है। लालबत्ती पर गाड़ी नहीं रोकते, हेलमेट नहीं पहनते-गडकरी ने कहा, बड़ी समस्या यह है कि लोग लालबत्ती पर गाड़ी नहीं रोकते। 30 हजार लोग सिर्फ इसलिए मर जाते हैं क्योंकि वे हेलमेट नहीं पहनते। मैं खुद इसका शिकार रहा हूं, जब मैं महाराष्ट्र में विपक्ष का नेता था, तब एक दुर्घटना में मेरा पैर चार जगह से टूट गया था और मैं इसे लेकर लगातार संवेदनशील हूं। पारदर्शी तरीके से पट्टे पर दिए गए छह हवाई अड्डे- नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू ने कहा कि छह हवाई अड्डों को गहन, प्रतिस्पर्धी और पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से अदाणी समूह को पट्टे पर दिया गया था। सरकार के स्वामित्व वाले भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने छह हवाई अड्डों- लखनऊ ,अहमदाबाद, मंगलुरू, जयपुर, गुवाहाटी और तिरुवनंतपुरम-को अदाणी समूह को पट्टे पर दिया है। तृणमूल कांग्रेस नेता सौगत रॉय ने लोकसभा में कहा कि नीति आयोग और आर्थिक मामलों के विभाग का विचार था कि दो हवाई अड्डों को एक ही समूह को नहीं दिया जाना चाहिए।

डॉ. आंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस : सीएम योगी ने अर्पित की श्रद्धांजलि, प्रदेश भर में कार्यक्रम कर रही भाजपा

डॉ. भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर आज प्रदेश भर में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।डॉ. भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के सभी बूथों पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित करेगी। प्रत्येक बूथ पर संविधान की प्रस्तावना का वाचन होगा और गोष्ठियों के माध्यम से राष्ट्र नवनिर्माण में डॉ. आंबेडकर के योगदान पर चर्चा होगी।इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और श्रद्धांजलि दी।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने डॉ. आंबेडकर को याद करते हुए सोशल मीडिया साइट एक्स पर बयान दिया कि संविधान शिल्पी, सामाजिक न्याय के पुरोधा और वंचितों के प्रखर स्वर, भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! अंत्योदय ,एवं लोक-कल्याण हेतु समर्पित बाबा साहब सच्चे अर्थों में मां भारती के महारत्न और लोकतंत्र की पाठशाला हैं। उनका संपूर्ण जीवन हम सभी के लिए पाथेय है। वहीं, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी बुलंदशहर तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह लखनऊ में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए।

संविधान शिल्पी, सामाजिक न्याय के पुरोधा और वंचितों के प्रखर स्वर, भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि!अंत्योदय एवं लोक-कल्याण हेतु समर्पित बाबा साहब सच्चे अर्थों में मां भारती के महारत्न और लोकतंत्र की पाठशाला हैं। वहीं, बसपा सुप्रीमो मायावती भी डॉ. आंबेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित करने के साथ पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए संदेश जारी करेंगी।

इसी तरह समाजवादी पार्टी की ओर से भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

राहुल गांधी ने PM पर फिर अदाणी मामले को लेकर बोला हमला, कहा- मोदी जी सदन में आओ...

कांग्रेस के नेतृत्व में कई विपक्षी सांसदों ने शुक्रवार को अदाणी मुद्दे पर संसद परिसर के अंदर विरोध मार्च निकाला। सांसदों ने काले मास्क पहन रखे थे जिन पर मोदी अदाणी भाई भाई लिखा हुआ था।संसद के शीतकालीन सत्र के 9वें दिन शुक्रवार को जमकर बवाल हो रहा है। राज्यसभा के अंदर कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी की सीट पर नोटों की गड्डी मिलने से संसद का माहौल गरमा गया है। वहीं अदाणी मसले पर कांग्रेस लगातार हमलावर हो रही है। इन सबके बीच, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। उन्होंने तंज कसते हुए मोदी को संसद में आने को कहा। साथ ही उनसे अदाणी मामले पर नहीं डरने की सलाह दी। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर कहा, %मोदी जी संसद में आओ, अदाणी पर जांच से मत घबराओ।% %मोदी अदाणी, भाई-भाई%- कांग्रेस अपने इंडिया ब्लॉक सहयोगियों के साथ शीतकालीन सत्र की शुरुआत से ही अमेरिका द्वारा अदाणी के अभियोग पर चर्चा करने की अपनी मांग पर कायम है। इससे पहले दिन में, विपक्षी सांसदों ने अदाणी मुद्दे पर विरोध जताने के लिए मास्क पहने, जिसपर लिखा था- %मोदी अदाणी, भाई-भाई%। इस दौरान राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी हाथ में संविधान की प्रति लिए नजर आए।भारत सरकार इस मुद्दे से ध्यान भटकाना चाहती है वेणुगोपाल-कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि अदाणी के लिए यहां संवैधानिक अधिकार का उल्लंघन किया जा रहा है। उन्होंने कहा, %आज बीआर आंबेडकर की पुण्यतिथि है, वह व्यक्ति जिन्होंने भारत का संविधान दिया। अदाणी के लिए यहां संवैधानिक अधिकार का हनन किया गया है। हम सांकेतिक विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। जब भी अदाणी का नाम आता है, भारत सरकार इस मुद्दे से ध्यान भटकाना चाहती है। उन्हें ध्यान भटकाने दीजिए, हम अपना विरोध जारी रखेंगे।% भाजपा ने की आलोचना- अदाणी समूह ने अमेरिकी न्याय विभाग और अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग द्वारा अदाणी ग्रीन के निदेशकों के खिलाफ लगाए गए आरोपों से इनकार किया है। भाजपा ने कहा कि कानून अपना काम करेगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हमले को लेकर उनकी आलोचना की।

संपादकीय Editorial

Vice President's questions on farmers

"Agriculture Minister, every moment is important for you. I request you and the person occupying the second position under the Constitution of India is requesting you to please tell me whether any promise was made to the farmers? Why was the promise not fulfilled? What are we doing to fulfill the promise? There was a movement last year, there is a movement this year too. The wheel of time is turning and we are unable to do anything!" Vice President Jagdeep Dhankhar has asked these questions to Agriculture Minister Shivraj Singh Chauhan regarding farmers. This is the first time that the Vice President has asked questions to the Agriculture Minister in the same government. The Vice President himself is a farmer, from a rural background. He even said that if you give the farmer a fair price for his crop, then no mountain will fall. These questions of the Vice President are relevant because the farmers' movement can start again from December 6. This time it will not be limited to Punjab, Haryana, Western UP, but farmers' fronts will also be agitating from states like Tamil Nadu, Kerala, Karnataka etc. The Vice President's question is why the farmers of the country are constantly troubled, suffering and agitating? The farmers who are sitting at home are also agitating and worried, so if the number of agitations is not counted, then the farmers will take to the streets. Although Vice President Dhankhar did not say anything about the legal guarantee of Minimum Support Price (MSP) and did not even question the committee formed in this regard, but in the form of the Vice President, farmers have got a strong, powerful advocate. Shivraj also became the Agriculture Minister only in June 2024. Whatever promises would have been made, they would be from the period of Narendra Tomar and Arjun Munda as Agriculture Ministers! Anyway, agriculture contributes more than 17 percent to India's economy and agriculture and farmers contribute about 47 percent to the country's workforce. About two-thirds of the country's population is dependent on agriculture, but even today the average income of a farmer is Rs 16,928 per month. Expenditures have increased more than the income of the farmer and there is a debt of more than Rs 91,000 per farmer. The question is also why did the Vice President speak publicly in favour of the farmers? And why were the Agriculture Minister questioned on the same platform? The Agriculture Minister is not solely responsible for the farmer-related schemes and policies. If the compensation for agricultural land is not being given 4 times after 2014, if the legal guarantee of MSP has not been fixed, then the Union Cabinet is responsible for solving all such problems. It is especially the responsibility of Prime Minister Modi, because such policy decisions are thought of at the Prime Minister's level and then formally passed in the Cabinet. If once again the farmers mobilize and start a movement in the capital Delhi or its surrounding areas, then the public system will become chaotic all around. When the last farmer movement was ended, Prime Minister Modi himself had assured them. A committee was formed, the chairmanship of which was entrusted to former Agriculture Secretary Sanjay Agarwal. He has been considered the drafter of the three so-called black agricultural laws. That committee has held about 100 meetings in the last two years, but the report of the committee has not been made public till date. A section of agricultural experts believes that legal guarantee of MSP is not a solution. Only by providing open market can the situation of the farmer change, but the most important demand of the agitating farmers is that legal guarantee of MSP should be given. This time the farmers are in the mood for a do-or-die agitation.

Reservation should not be breached, we have to be cautious of the clutches of those who convert

It should be kept in mind that the current legal framework under Article 341 of 1950 allows SC status only to followers of Hindu, Sikh and Buddhist religions. Initially this order was limited to Hindu community only but in 1956 Sikh and in 1990 Buddhist community were also included in it. Constitutional amendments have been taking place in the interest of nation and society. Mahaparinirvan Diwas of Baba Saheb Dr. Bhimrao Ambedkar is an appropriate occasion that we should take a pledge to follow that path as an enlightened citizen by imbibing the values ??and teachings of the architect of the Indian Constitution. One aspect of such resolutions is that the constitutional spirit and values ??should not disappear and they should be made consistent with the country, time and circumstances. Our Constitution makers were very farsighted in this context. They made this democratic text flexible instead of making it rigid. This aspect has also played a special role in the success of the Indian Constitution. This aspect provides scope for proper interpretation of the Constitution and the institutions related to this responsibility also keep fulfilling their duty from time to time. Recently, the Supreme Court did the same in the case of a petition related to the benefits of Scheduled Castes by a woman from Tamil Nadu belonging to the Christian religion. The Supreme Court, while justifying the decision of the Madras High Court, talked about the misuse of Article 25. Article 25 of the Constitution provides freedom of conscience and to believe, practice and propagate religion or sect without hindrance, but under its cover, a disgusting conspiracy of conversion is being carried out in the country. There has been a long debate on the benefits of reservation to the people of Scheduled Castes and Tribes converted to Christianity and Islam. In the Constitution of India, provision of reservation was made to ensure proper participation of Scheduled Castes and Tribes in education, service, power and governance. Due to the long struggle of Dr. Bhimrao Ambedkar against untouchability, leaders of all parties want to bake their political bread by taking his name in every matter. To take advantage of this, political parties and alliances have become the party of Islamic and Christian organizations and are silent on the conversions being done by them in the country. From time to time, news of conversion of Scheduled Castes and Tribes by Christian missionaries keeps getting published. When those who convert people under the guise of fear or greed are caught, they escape by taking shelter of Article 25 of the Constitution. In Bihar's Buxar district, the pastors had even washed away the sindoor from the parting of women's hair while converting them to Christianity. They were also arrested, but the weakness of the law was exposed when they were granted bail the very next day. No authentic case of Scheduled Caste people accepting Christianity or Islam comes to light because in the census of Scheduled Castes, there is only a column for Hindus, Sikhs and Buddhists. There is no mention of them being Christians or Muslims. The Supreme Court's decision in the above mentioned case of Tamil Nadu proved that people of Scheduled Castes keep becoming Christians. Similarly, people of tribal society keep getting converted. Everyone is aware of this, but no one is ready to get to the bottom of the problem. Due to the conversion of the tribal community, Nagaland, Mizoram and Meghalaya in the Northeast have become Christian majority states. In the near future, there are chances that Arunachal and Manipur will also become Christian majority. In the year 1947, the country was divided. The Christian Chief Minister of Mizoram had also advocated for making a Christian country. To save the SC-ST community from Islamic and Christian organizations engaged in conversion, these communities will have to be prevented from converting by deceit and force by bringing forward the views of Dr. Ambedkar. Dhananjay Keer, the author of Ambedkar's biography, has expressed Baba Saheb's viewpoint in these words, 'If the untouchables accept Islam or Christianity, then they will go out of Hinduism as well as Hindu culture. It is worth keeping in mind what impact the conversion of untouchables will have on the country in general. If they become Muslims, the number of Muslims will double. If they become Christians, the number of Christians will increase to five-six crores. The result of this will be that it will help in strengthening the hold of British power on this country.' In such a situation, it is no surprise that the vote traders have been demanding reservation for the Scheduled Caste and Tribe people even after their conversion. A commission has been formed to consider reservation for Scheduled Castes. The commission, constituted on 6 October 2022 under the chairmanship of former Chief Justice KG Balakrishnan, was entrusted with the task of comprehensively studying the status of granting SC status to converted Dalits. The tenure of the commission has been extended by one year to the new deadline of 10 October 2025. It should be noted that the current legal framework under Article 341 of 1950 allows granting SC status only to followers of Hindu, Sikh and Buddhist religions. Initially this order was limited to the Hindu community only, but in 1956 Sikhs and in 1990 Buddhist community were also included in it. Constitutional amendments have been made in the interest of the nation and society. It may happen in the future too, but since the country has been divided once, conversions should not be allowed in the name of propagating religion. Along with this, a strict law should be made to ensure that converted people do not get the benefit of reservation.

East Pakistan becoming Bangladesh, India will have to remain alert

If India thinks that it will put pressure on Bangladesh through diplomatic efforts after Donald Trump becomes the President, then it may be too late. India can put pressure for deployment of joint forces in Bangladesh to protect minorities. Such examples can be seen in Africa where joint forces have been deployed in some countries to protect minorities. Attacks on Hindus have been continuing in Bangladesh since the bloody coup of the Sheikh Hasina government. From there, news of forced resignations of Hindu employees, occupation of their lands, burning of houses, destruction of temples and idols and rape of women are continuously coming. The interim government of Bangladesh and the world's major media establishments mainly ignored these attacks, but the arrest of the head of a Hindu organization and ISKCON religious leader Chinmay Krishna Das has forced people at the international level to take cognizance of the Hindu oppression happening in Bangladesh. Chinmay and other Hindu leaders are accused of committing treason by hoisting the ISKCON flag above the Bangladesh flag in their Chittagong public meeting. On the basis of which they have been arrested, every spectator sitting in a football stadium whose favourite club's flag is seen above the Bangladeshi flag can be arrested. Under the Penal Code 121 and 124, under which the treason case has been filed, permission of the Home Ministry is necessary for action, but the Dhaka police directly made the arrest. It is the audacity of the Bangladesh government and its police that it is completely inactive on the attacks on hundreds of temples and the heinous crimes being committed against Hindus and other minorities, but on the orders of the Home Ministry, it has withdrawn all the cases filed against the 'protesters' between 15 July and 8 August. The Bangladeshi police is arresting Hindus in completely fake cases. It is also worth noting that Bangladesh National Party leader Feroz Khan, on whose complaint the Hindu religious leader was arrested, has been suspended from the BNP for this absurd complaint. It is clear that the interim government of Mohammad Yunus wants to teach the Hindu religious leader a lesson for his courage to protect Hindu interests. It is also clear that the interim government wants that Hindus should not come out on the streets against the atrocities being committed on them. Despite international criticism of the arrest of Chinmay Krishna Das, two more ISKCON saints were arrested among others. Many bank accounts of ISKCON have also been seized. Saints associated with it are being prevented from coming to India. Fearful of the murderous attack on Raman Rai, the lawyer of Nyamay, no lawyer is coming forward to defend him. In fact, the Islamic fundamentalists and the Yunus government are furious with the historic Hindu rally of 25 October in Chittagong and they want to crush the Hindu leadership in any way. The violence that has been going on in Bangladesh for the last four-five months is different in the sense that a campaign is being run to deny, hide or downplay it. Under this, Voice of America radio channel conducted a survey and asked Bangladeshis whether minorities are safe in the interim government? How fake this survey was can be understood from the fact that in this survey of only 1000 people, 927 respondents were Muslims. In the survey, 64.1 percent people said that the condition of minorities in the interim government is better than that of Sheikh Hasina's rule. The results of this fake survey were presented as facts by Bangladeshi and foreign media. According to the Hindu Buddhist Christian Council, 2010 attacks took place on minorities in the first month of the coup. Bangladesh's largest newspaper 'Prothom Alo', in an investigation conducted by its reporters, confirmed 1068 attacks on Hindus and other minorities in 49 districts between 5 and 20 August. Nine Hindus were killed in these attacks. The reporters of this newspaper themselves witnessed 546 of these attacks. Bangladesh Police has not only failed to stop anti-Hindu violence, but it has also targeted Hindus. The brutal lathicharge on peaceful Hindus protesting in Hazari Lane, Rangpur, Chittagong is an example of this. In Khulna, the police first arrested 18-year-old Utsav Mandal on charges of blasphemy and brought him to the police station and then allowed the mob to attack him. If minorities are in danger in West and East Pakistan (Bangladesh) formed against the wishes of the minorities, then it is India's moral responsibility to protect them. India's role becomes even more important in relation to Bangladesh, because it has played an important role in its creation. Since whenever attacks on Hindus start there, then groups of refugees come to India, therefore, the atrocities being committed on minorities cannot be shrugged off by calling them an internal matter of Bangladesh. Although the Indian government has appealed to the interim government of Bangladesh to protect the lives and property of the minorities, but this is not enough. When the governance system of Bangladesh is again moving towards becoming East Pakistan, then India should also re-evaluate its relations. If India thinks that it will put pressure on Bangladesh through diplomatic efforts after Donald Trump becomes the President, then it may be too late. India can put pressure for deployment of joint forces in Bangladesh to protect the minorities. Such an example can be seen in Africa This is seen in Bangladesh, where joint forces have been deployed in some countries to protect minorities. The time has come to push for the creation of autonomous regions for minorities within Bangladesh itself. Due to its geographical location, Bangladesh is dependent on India for many essential commodities. India should also keep the option of military intervention open, including economic sanctions and trade barriers. India will have to get out of the mindset that even in the most difficult situations, it can only resort to diplomatic or international pressure. India will have to see what it can do apart from this?

महिला शिक्षामित्र ने पढ़ाने की जगह करवाया मसाज, ?VIDEO वायरल होने पर BSA ने खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपी जांच

मुरादाबाद- परिषदीय स्कूल में शिक्षामित्र बच्चों को पढ़ाने की जगह धूप में बैठकर बच्चों से मसाज कराने लगी। उसकी हरकत की किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर

दी। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो से शिक्षामित्र के साथ शिक्षा विभाग की फजीहत हो रही है। बीएसए ने वीडियो का संज्ञान लेकर खंड शिक्षा अधिकारी को जांच सौंपी है। नगर में बच्चों को शिक्षा देने की जगह बच्चों से सिर दबवाने व मसाज कराने का वीडियो काशीपुर चुंगी स्थित मोहल्ला जाटवान में कंपोजिट विद्यालय का बताया जा रहा है। वीडियो में बच्चों से मसाज करवा रही आरोपी शिक्षामित्र बताई जा रही है, जोकि काशीपुर से विद्यालय में पढ़ाने आती है। वायरल वीडियो में स्कूल परिसर में बिना फर्नीचर के चार बच्चे विद्यालय परिसर के खुले मैदान में बैठे नजर आ रहे हैं। बच्चों के बैठने के लिए ईंटों के फर्श पर कोई व्यवस्था नहीं है। दो बच्चे कुर्सी पर बैठी शिक्षामित्र के दाएं-बाएं खड़े होकर कंधों की मसाज कर रहे हैं। 41 सेकिंड की वीडियो में आ रही आवाज परिषदीय विद्यालय की शिक्षा का हाल बयान कर रही है। .हालांकि, वीडियो में यह साफ नहीं हो रहा है कि वीडियो कब और किसने बनाई है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का खंड शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार ने संज्ञान लिया है और खंड शिक्षा अधिकारी मोहित कुमार को जांच सौंपी है। बताया जाता है कि इससे पहले भी उक्त शिक्षामित्र की शिकायत वरिष्ठ अधिकारियों से की गई थी। लेकिन अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसी के चलते बच्चों से मसाज कराने की वीडियो किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दी है।

संभल हिंसा: वरिष्ठ जेल अधीक्षक पर भी लटकी कार्रवाई की तलवार, आरोपियों से सपा नेताओं की कराई थी मुलाकात

मुरादाबाद- संभल बवाल के आरोपियों से अवैध मुलाकात के मामले में वरिष्ठ जेल अधीक्षक पीपी सिंह की भूमिका संदिग्ध पाई गई है। जांच में जेलर और डिप्टी जेलर की लापरवाही सामने आने पर उन्हें निलंबित किया गया। अधीक्षक के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भेजी गई है।संभल बवाल के आरोपियों से जेल में सपाइयों की मुलाकात के खेल में जेल अधीक्षक पीपी सिंह भी फंस गए हैं। डीआईजी जेल की गई जांच में उनकी भूमिका भी संदिग्ध पाई गई है। इसी रिपोर्ट के आधार पर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की संभावना व्यक्त की जा रही है।आरोप है कि जेल में अवैध मुलाकात की जानकारी मिलने के बाद भी वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने अधीनस्थों से पूछताछ नहीं की और न ही उच्च अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। सोमवार को मुरादाबाद के पूर्व सांसद डॉ. एसटी हसन, ठाकुरद्वारा के विधायक नवाब जान, नौगांवा सादात के विधायक समरपाल सिंह समेत 15 सपाइयों ने जिला जेल में संभल बवाल के आरोपियों से मुलाकात की थी।मुलाकात करने के बाद सपाइयों ने बयान दिया तो वह सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसके बाद शासन तक हड़कंप मच गया था। इस मामले में डीजी जेल के निर्देश पर डीआईजी जेल कुंतल किशोर ने जेल पहुंचकर



पूरे मामले की जांच की। जांच में पाया गया कि मुलाकात कराने में जेल नियमों का पालन नहीं किया गया है। जांच में वरिष्ठ जेल अधीक्षक पीपी सिंह, जेलर विक्रम सिंह यादव और डिप्टी जेलर प्रवीण सिंह की लापरवाही सामने आई । इसके आधार पर जेलर और डिप्टी जेलर को निलंबित कर दिया गया है जबकि वरिष्ठ जेल अधीक्षक पीपी सिंह के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए शासन को रिपोर्ट भेजी गई है। जांच में पाया गया है कि वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने इतने संवेदनशील मामले में संभल बवाल के आरोपियों से मुलाकात करने वाले जेलर और डिप्टी जेलर के खिलाफ न तो अपने स्तर से कोई जांच पड़ताल कराई और न उच्च अधिकारियों को इस मामले की जानकारी दी। डीआईजी जेल कुंतल किशोर का कहना है कि इस मामले में अब तक जेलर और डिप्टी जेल पर कार्रवाई की जा चुकी है। वरिष्ठ जेल अधीक्षक के खिलाफ कार्रवाई शासन स्तर से होगी। एकांत बैरक में रखे गए संभल बवाल के आरोपी- जेल में अवैध मुलाकात कराने में दो अफसरों के सस्पेंड होने के बाद यहां कड़ा पहरा कर दिया गया है। संभल बवाल के आरोपियों को एकांत बैरक में रखा गया है। इसके अलावा जेल में अन्य बंदियों से मुलाकात करने वाले मुलाकातियों पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। 24 नवंबर को संभल में जामा मस्जिद में सर्वे के दौरान बवाल हो गया था। इस मामले में पुलिस ने तीन महिला समेत 27 आरोपी जेल में बंद हैं। सोमवार को सपाइयों ने इनसे मुलाकात की थी। इसके बाद से हड़कंप मचा हुआ है। इसके बाद से जेल के बाहर से लेकर अंदर तक सुरक्षा भी कड़ी कर दी गई है। सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी की जा रही है। बृहस्पतिवार को बंदियों और कैदियों की दो शिफ्टों में मुलाकात कराई गई। इस दौरान मुलाकात स्थल पर बंदी रक्षक और अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान एक एक मुलाकाती पर नजर रखी गई कि कोई मुलाकात संभल बवाल के आरोपियों से मुलाकात तो नहीं कर रहा है। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरों के जरिए भी एक टीम लगातार निगरानी कर दी गई। तीन जगह चेकिंग के बाद ही मुलाकातियों को प्रवेश दिया गया। ऑनलाइन पर्ची बनवाकर आरोपियों के परिजनों ने की मुलाकात- .संभल बवाल के आरोपियों से उनके परिजनों ने बृहस्पतिवार को भी मुलाकात की। मुलाकात की है। इस दौरान सभी का डाटा भी रजिस्टर में दर्ज किया गया है। बंदी रक्षक और अधिकारियों ने यह भी देखा कि कोई अन्य व्यक्ति को मुलाकात नहीं कर रहा है। फुटेज से खंगाली जा रही मुलाकातियों की पहचान- संभल बवाल के 27 आरोपी जिला जेल में बंद हैं। इनमें से तीन महिलाएं महिला बैरक में हैं जबकि अन्य आरोपी पुरुष बैरक में रखे गए हैं। सोमवार को सपाइयों ने मुलाकात की थी। जांच कर रहे डीआईजी जेल ने उस दिन की फुटेज भी खंगाली। जिसमें देखा गया है कि कितने लोग मुलाकात करने गए थे। सपा के जिला सचिव मुदस्सिर हुसैन का कहना है कि उन्होंने जेल नियम के मुताबिक मुलाकात की थी। इसे मुद्दा बनाया जा रहा है। सात सदस्य जेल में गए थे। जिन्होंने प्रार्थना पत्र देकर मुलाकात की मांग की थी। इसमें एक पूर्व सांसद, दो वर्तमान विधायक भी मौजूद थे। इसके अलावा बाकी कार्यकर्ता जेल से बाहर ही मौजूद रहे थे।

संक्षिप्त समाचार

मिलक अमावती की ग्राम प्रधान गार्गी चौधरी कार्बन न्यूट्रल विशेष पंचायत पुरस्कार के लिए चयनित



मुरादाबाद- डिलारी विकास खंड की ग्राम पंचायत मिलक अमावती की ग्राम प्रधान गार्गी चौधरी देश की अन्य ग्राम पंचायतों के लिए मिसाल बन गई हैं। गांव में विकास कार्यों के दम पर ग्राम प्रधान गार्गी चौधरी को कार्बन न्यूट्रल विशेष पंचायत पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। 11 दिसंबर को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू राष्ट्रपति भवन में ग्राम प्रधान गार्गी चौधरी को सम्मानित करेंगी। इससे पहले मिलक अमावती को नानाजी देशमुख सर्वोत्तम राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार मिला चुका है। मुरादाबाद जनपद की ग्राम पंचायत मिलक अमावती की महिला प्रधान गार्गी चौधरी ने पूरे देश में अपने प्रदेश, जनपद और मंडल स्तरीय अधिकारियों का सिर भी गर्व से ऊंचा कर दिया। देश की खुशहाली का रास्ता गांव की गलियों से होकर गुजरता है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सफाई और गांव को शहर से जोड़ने का जो सपना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देखा था वह अब साकार होता दिखाई दे रहा है।

होने वाला जीजा बना हैवान: लड़की का पिता बोला- बड़ी बेटी का मंगेतर आया... छोटी से दरिंदगी की, अब की दूसरी शादी

मुरादाबाद- युवती के पिता ने बताया कि उन्होंने बेटी का रिश्ता उत्तराखंड के उधमपुर सिंह नगर के बाजपुर थाना क्षेत्र के बरैनी निवासी जीशान के साथ तय किया था। 26 नवंबर को शादी होनी थी।

लेकिन इससे पहले ही लड़के ने ऐसी घिनौनी हरकत कर दी। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले के मूंढापांडे थाना क्षेत्र के एक गांव में निवासी एक व्यक्ति ने अपनी बेटे के मंगेतर समेत सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। जिसमें आरोप लगाया है कि दहेज में कार न मिलने पर आरोपियों ने रिश्ता तोड़ दिया है। आरोप है कि शादी से दो दिन पहले ही आरोपी युवक घर आ गया और उसने युवती की बहन के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद दूसरी लड़की से शादी कर ली।पीड़ित युवती के पिता ने बताया कि उसने अपनी बेटी का रिश्ता उत्तराखंड के उधमपुर सिंह नगर के बाजपुर थाना क्षेत्र के बरैनी निवासी जीशान के साथ तय किया था।

26 नवंबर को शादी होनी थी। शादी से सप्ताह पहले सारा दहेज का सामान दूर होने के कारण ससुराल पहुंचा दिया था। 23 नवंबर को युवक के परिजन घर आए और कार की मांग करने लगे। 24 नवंबर को जीशान भी घर पहुंचा और रात वहां ठहरा था आरोप है कि सभी लोगों के सोने जाने के बाद मंगेतर की छोटी बहन के कमरे घुस गया उसके साथ दुष्कर्म किया। उसे धमकी दी कि घटना के बारे किसी को बताया तो तेरी बहन से रिश्ता तोड़ दूंगा। अगले दिन उसके जाने के बाद उसने अपनी मां को आपबीती बताई। उसे समझा कर समय शांत कर दिया। इस मामले में पंचायत बुलाई उसमें आरोपी के परिजन भी आए लेकिन वह कार की जिद पर अडे रहे। तय तारीख 26 नवंबर को बारात लेकर नहीं आए। पता करने किसी ने बताया कि उसी दिन जीशान की शादी कहीं दूसरी जगह कर दी है। पिता ने बिचौलियों के माध्यम से दहेज में खर्च हुए रुपये और सामान वापस मांगे तो दो दिन बाद देने के आश्वासन के बाद इन्कार कर दिया। एसएचओ आरपी शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर जीशान, रेहान, रियाज, फैजान, आरिफ निवासी बरैनी थाना बाजपुर ऊधमपुर सिंह नगर उत्तराखंड, इसरार निवासी मुस्तफाबाद थाना मिलक खानम रामपुर और यासीन के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

रिवर फ्रंट और हस्तशिल्प ग्राम के विकास से मुरादाबाद बनेगा आर्थिक हब

मंडलायुक्त की अध्यक्षता में सिटी डेवलपमेंट प्लान मुरादाबाद विजन प्लान 2051 का प्रस्तुतिकरण किया गया

मुरादाबाद- मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में उनके कार्यालय सभागार में गुरुवार को मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की ओर से स्टेक होल्डर विभागों के समन्वय से सिटी डवलपमेंट प्लान का प्रस्तुतीकरण किया गया। इसमें प्राधिकरण द्वारा अंतर्राष्ट्रीय कंसल्टेंसी फर्म के माध्यम से तैयार कराए गए सिटी डेवलपमेंट प्लान की रुपरेखा पर चर्चा की गई। इसमें मेगा फूड पार्क, सेमी कंडक्टर पार्क, मुरादाबाद सिटी सेन्टर, आयुष पार्क, हस्तशिल्प ग्राम, रेलवे स्टेशन री-डवलपमेंट प्लान, मेगा टाउनशिप प्लान, नॉलेज सिटी, रिवर फ्रन्ट के विकास का खाका सामने रखा गया। इनके माध्यम से पीतल नगरी उभरता हुआ वाइब्रेंट इकोनॉमिक हब बनेगा। फर्म के प्रतिनिधि ने मंडलायुक्त और अन्य अधिकारियों को मुरादाबाद विकास प्लान 2051 को प्रस्तुत कर इसके प्रोजेक्ट मूवमेंट के बारे में विस्तार से बताया। विजन प्लान 2051 के अन्तर्गत सेन्टर, आयुष पार्क, हस्तशिल्प ग्राम, रेलवे स्टेशन री-स्पोर्टस काम्प्लेक्स, मल्टीलेवल पार्किंग, रिवर फ्रन्ट का इत्यादि के विकास संबंधी परियोजनाओं से पीतल नगरी विकसित हो जाएगी। मंडलायुक्त ने कहा कि विजन प्लान किया जाए। दुग्ध डेयरी के लिए किसानों को बेहतर मुरादाबाद की संस्कृति को समाहित करते हुए हस्तशिल्प को भी जोड़ा जाए। मंडलायुक्त ने कहा कि महानगर की से योजनाओं को प्लान किया जाए। इसके लिए संबंधित समन्वय बनाकर मुरादाबाद विकास प्लान 2051 पर मुरादाबाद विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष शैलेश कुमार, सुमित यादव, संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार, एसपी और कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।यह है मुख्य आकर्षित करना और स्थानीय कारीगरों को नए अवसर कौशल विकास केंद्र, सिटी सेंटर, बायो-फ्यूल अन्तर्गत सिटी कोर क्षेत्र में भीड़ को कम कर सार्वजनिक लिए सड़कों का चौड़ीकरण और चौराहों का सुधार फिर से विकास करने के साथ ही इंटर स्टेट बस टर्मिनल

लाइट परियोजना चलेगी।. जीवन स्तर में सुधार के लिए पर्यावरण सुधार, हरित क्षेत्र और सामाजिक सुविधाओं को बढ़ावा दिया जाएगा। नया मुरादाबाद योजना के पूर्व में मेगा टाउनशिप, मेडी-सिटी, नॉलेज सिटी, स्पोर्ट्स-काम्प्लेक्स, रामगंगा और गागन नदी पर रिवर फ्रंट विकास परियोजना. प्रस्तावित बसंतपुर रामराय में इको-टूरिज्म पार्क, रामपुर रोड स्थित जीरो पॉइंट के पास बनेगा रिक्रेशनल हब. बुनियादी ढांचे का उन्नयन- जल, सीवरेज, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, पॉवर एवं नवीनीकरणीय ऊर्जा और हरित ऊर्जा परियोजनाओं को प्राथमिकता देना।. मुरादाबाद को एक वैश्विक कारीगर केंद्र के रूप में पहचान मिलेगी.महानगर में पर्यावरणीय संरक्षण और हरित ऊर्जा के प्रयोग को मिलेगा बढ़ावा.नई औद्योगिक परियोजनाओं और कौशल विकास केंद्रों के माध्यम से होगी रोजगार में वृद्धि नागरिकों के जीवनशैली में होगा गुणवत्तापरक सुधार-पहले चरण में मुरादाबाद महायोजना -2031 के भू-प्रयोग के आधार पर चिह्नित परियोजनाओं में इलेक्ट्रिक बस चार्जिंग, धातुशिल्प सेवा केंद्र, स्काडा आधारित जलापूर्ति प्रणाली, स्काडा आधारित आईटी अवस्थापना और स्काडा मीटरिंग, प्रमुख चौराहों के सुधार तथा महायोजना सड़कों का निर्माण है शामिल.सिटी डेवलेपमेंट प्लान (सीडीपी) की मुख्य बातें.मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय कन्सलटेंसी फर्म के माध्यम से तैयार कराया गया सिटी डेवलपमेंट प्लान.सिटी डेवलपमेंट प्लान का मुख्य उद्देश्य मुरादाबाद को पीतल नगरी से एक उभरते हुए वाइब्रेंट इकोनॉमिक हब में बदलना.योजना उत्तर प्रदेश को 2027 तक 1 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनाने में देगी महत्वपूर्ण योगदान-तीन चरणों में चिह्नित की गई हैं परियोजनाएं.लघु अवधि (2021-31) में शामिल हुईं 18000 करोड़ पूंजीगत व्यय की 45 परियोजनाएं मध्यम अवधि (2031-41) में 13000 करोड़ पूंजीगत व्यय की 27 परियोजनाएं हैं शामिल दीर्घ अवधि (2041-51) में शामिल हैं 11000 करोड़ पूंजीगत व्यय की 15 परियोजनाएं सर्वाधिक एमडीए का होना है 10000 करोड़ का पूंजीगत व्यय, दूसरे व तीसरे नंबर पर है नगर निगम और जल निगम मेगा फूड पार्क, सेमी कंडक्टर पार्क, मुरादाबाद सिटी डवलपमेंट प्लान, मेगा टाउनशिप प्लान, नॉलेज सिटी, विकास, ईको टूरिज्म पार्क, सीवेज सिस्टम, मेडिसिटी एक उभरते हुए वाइब्रेंट इकोनॉमिक हब के रूप में के अन्तर्गत महानगर में सभी जलाशयों को सुरक्षित इंन्फ्रास्टक्चर उपलब्ध कराया जाए। इन योजनाओं में ग्राम से मंडल के अन्य जिलों के हस्तशिल्प उत्पादों आबादी और लोगों की जरूरतों और सुरक्षा के हिसाब विभाग, एमडीए और फर्म आपसी संवाद और कार्य करें। बैठक में जिलाधिकारी अनुज सिंह, नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल, मुख्य विकास अधिकारी सिटी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी परियोजनाओं का उद्देश्य-नए आर्थिक क्षेत्रों में निवेश प्रदान करना। बनेंगे मेगाफूड पार्क, सेमी-कंडक्टर, प्रसंस्करण केंद्र और आयुष पाक.'परिवहन सुधार के परिवहन प्रणाली को बेहतर बनाया जाएगा। इसके होगा। मल्टी-लेवल पार्किंग बनेगी। रेलवे स्टेशन का (आईएसबीटी) बनेगा। सार्वजनिक ई-बसें और मेट्रो

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

हक की बात जिलाधिकारी के साथ

मूकबधिर बालिका के खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करते हुये जिलाधिकारी ने 20,000 रूपये का दिया पुरस्कार

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज मिशन शक्ति फेज-5 के अन्तर्गत ''हक की बात जिलाधिकारी के साथ'' कार्यक्रम एवं वीरांगना सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ। मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत जनपद में ऐसी महिलाओं एवं बालिकाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने समाज में बेहतर कार्य किये जाने के साथ ही समाज में वीरांगना के रूप में अपनी अमिट छाप छोड़ी है, जिनको जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमें बालिका प्रियांशी ने शतरंज में राष्ट्रीय स्तर एवं राज्य स्तर में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है, रिया गंगवार ने जनपद बरेली में कक्षा-12 में जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। रिधिम शर्मा जो कि मूकबधिर बालिका है उन्होंने अपनी कमियों को दरकिनार करते हुए 400 मीटर दौड़, बाधा दौड़ में फरवरी 2023 में इंदौर में गोल्ड मेडल जीता तथा वर्ष 2024 में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मलेशिया में 400 मीटर दौड़ में गोल्ड मैडल की विजेता रही हैं रिधिम शर्मा की प्रतिभा को देखते हुए उसके उत्साहवर्धन हेतु जिलाधिकारी द्वारा मौके पर 20,000 रूपये की धनराशि पुरस्कार स्वरूप दी गयी। इसके अतिरिक्त अन्य 10 महिलाओं एवं बालिकाओं को बेहतर कार्य हेतु जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त मैथोडिस्ट इण्टर कॉलेज बरेली की बालिकाओं ने उक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग किया, जिसमें एक बालिका ने जिलाधिकारी से आई0ए0एस0 बनने हेतु मार्गदर्शन प्राप्त किया। जिसमें जिलाधिकारी द्वारा बालिका को प्रोत्साहित करते हुए अवगत कराया गया कि आप अपने 12वीं कक्षा के पाठ्यक्रम के अनुसार पूरी निष्ठा एवं लगन से मेहनत कर भविष्य में अपना नाम रोशन कर सकती हैं। हक की बात जिलाधिकारी के साथ कार्यक्रम में कुल 10 शिकायतें (स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग एवं महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित प्रवर्तकता कार्यक्रम) की प्राप्त हुई, जिसमें जिलाधिकारी द्वारा तत्काल सम्बन्धित विभाग को निस्तारण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना(सामान्य), बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के विषय में विस्तृत जानकारी। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक (अपराध) मुकेश प्रताप, नगर मजिस्ट्रेट राजीव शुक्ला, जिला प्रोबेशन अधिकारी मोनिका राणा, केन्द्र प्रशासक वन स्टॉप सेंटर चंचल गंगवार सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे ।।

मृतक को जीवित दिखा एक करोड़ 75 लाख में जमीन का सौदा किया 50 लाख एडवांस लेने वाले तीन शातिर गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली। थाना इज्जतनगर क्षेत्र के फरीदापुर की बेशकीमती जमीन के कूटरचित अभिलेख तैयार कर मृतक व्यक्ति संतोष टंडन को जीवित के रूप में दिखाकर धोखाधड़ी कर जमीन एग्रीमेन्ट कर 50 लाख की ठगी करने वाले गिरोह के तीन शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक ने प्रेसवार्ता कर बताया कि 23 नवम्बर को जनकपुरी आवास विकास बरेली की रहने वाली प्रियंका टंडन पुत्री दिवंगत संतोष टंडन द्वारा लिखित तहरीर दी गयी कि उनके पिता की मृत्यु वर्ष 2003 में हो जाने के बाद भू-माफियाओं नें षड़यंत्र रचकर उनके पिता मृतक संतोष कुमार टंडन के रूप में एक व्यक्ति को उपस्थित कराकर उसे संतोष कुमार टंडन बताते हुए संतोष टंडन नाम से कूटरचित अभिलेख तैयार कर जमीन का फर्जी एग्रीमेन्ट आदि करा लेने के संबंध में मुकदमा नन्हे अहमद और अन्य आठ लोगों के विरुद्ध दर्ज कराया गया एवं संबंधित मामले में 23 नवम्बर 2024 को ही एक मुकदमा पीलीभीत के रहने वाले व्यापारी अर्पित कुमार अग्रवाल पुत्र अजय अग्रवाल यह आरोप लगाकर कि नन्हे अहमद, बब्लू कश्यप, ख्वाजुद्दीन सहित आठ लोगों द्वारा संतोष टंडन जिनकी मृत्यु हो गयी है उनके स्थान पर नकली संतोष टंडन बनाकर अभिलेखों में कूट रचना कर फर्जी एग्रीमेन्ट कर 50 लाख रुपये लेने के संबंध में थाना इज्जतनगर में नन्हे अहमद सहित आठ लोगों के विरुद्ध पंजीकृत कराया गया। उक्त दोनों घटनाओं की गम्भीरता को देखते हुए, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा उक्त दोनों अभियोगों में तत्परता से साक्ष्य सकलंन कर अभियुक्तगण के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिये गये थे, जिसके क्रम में घटना में शामिल संलिप्त तथा नकली संतोष टंडन बनने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। शेष घटना में शामिल अभियुक्तगण को भी साक्ष्य के आधार पर गिरफ्तार कर किया जायेगा। पुलिस द्वारा शुक्रवार को जो तीन आरोपियों को पकड़कर जेल भेजा गया उनमें बब्लू कश्यप पुत्र कुन्दनलाल निवासी ग्राम मथुरापुर थाना सीबीगंज जिला बरेली,ख्वाजुद्दीन पुत्र फईमउद्दीन निवासी ग्राम तिलियापुर थाना सीबीगंज जिला बरेली,राजू उर्फ राजदीप पुत्र सतीशचन्द निवासी सहजनपुर हेतराम थाना भुता जिला बरेली जिसमें नकली संतोष टंडन की भूमिका बखूबी निभाई। पकड़े गए आरोपीयों ने बताया कि गणेशीलाल निवासी खतरियान बिहारीपुर के तीन लडके संतोष टंडन, विजय टंडन एवं किशन टंडन थे, जिसमें संतोष टंडन की वर्ष 2003, विजय टंडन वर्ष 2024 व किशन टंडन की वर्ष 2015 में मृत्यु हो चुकी हैं। तीनों भाई अलग-अलग स्थानों पर रहते थे । विजय टंडन व किशन टंडन का आधार कार्ड तो बना था, किन्तु संतोष टंडन का आधार कार्ड नहीं बना था । उक्त तीनों भाईयों के नाम से एक जमीन जो ग्राम फरीदापुर चौधरी में अभिलेखों में अंकित थी, किन्तु उक्त जमीन को उन्होंने बेच दिया था, लेकिन अभिलेखों में अभी भी नाम तीनों भाईयों का ही चल रहा था। इस बात की जानकारी नन्हे, बब्लू कश्यप उर्फ प्रधान तथा ख्वाजुद्दीन को थी और यह भी जानकारी थी कि यह जमीन काफी महंगी एवं बेसकीमती है तो अभियुक्तों द्वारा शातिर दिमाग चलाते हुए सबसे पहले उक्त जमीन में किशन टंडन की मृत्यु दिखाकर तहसील से उक्त जमीन पर नाम संतोष टंडन व विजय टंडन के नाम से संयुक्त रूप से कराया और फिर बाद में विजय टंडन से पावर ऑफ अटरनी संतोष टंडन के नाम से करा दिया। इस प्रकार उक्त बेसकीमती जमीन संतोष टंडन के नाम पर आ गयी। अभियुक्तों द्वारा एक व्यक्ति जिसका नाम राजू उर्फ राजदीप को मृतक संतोष टंडन के स्थान पर संतोष टंडन के रूप में प्रयोजित करते हुए संतोष टंडन का आधार कार्ड बनवाया एवं उसी आधार कार्ड के आधार पर बैंक में खाता एवं पैन कार्ड आदि भी बनवा लिया। आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक खाता एवं जमीन के राजस्व अभिलेख के आधार पर इन्होंने फर्जी तरीके से उक्त बेसकीमती जमीन का रजिस्ट्रड एग्रीमेन्ट एक करोड़ करोड़ 75 लाख रुपये में कर दिया और बयाना के रूप में 50 लाख रुपये आरोपियों ने लिए। जब इस बात की जानकारी संतोष टंडन की पुत्री प्रियंका टंडन को हुई तो उन्होंने जिन लोगों ने रजिस्ट्रड बैनामा कराया था, उन्होंने उनके खिलाफ थाना इज्जतनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना इज्जतनगर प्रभारी निरीक्षक धनंन्जय कुमार पाण्डेय, उपनिरीक्षक जावेद अली, मुख्य आरक्षी आशीष,मोहम्मद असलम, आरक्षी चालक विनीत शामिल रहे।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

संक्षिप्त समाचार

खेड़ा पुलिस चौकी के प्रभारी संतराम कुशवाहा ने एक वारण्टी को गिरफ्तार किया

क्यूँ न लिखूँ सच -नीरज कुमार

कोंच(जालौन) कोतवाली की खेड़ा पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक संतराम कुशवाहा अपने हमराही सिपाही के साथ मुकदमा अपराध संख्या 12/ 91 धाथा 380 ,411 आईपीसी के अभियुक्त जो लगभग तीस वर्षों से घर पर नहीं रह रहा था जिसके विरुद्ध न्यायालय द्वारा एन वी डब्लू और 82 सीआरपीसी नोटिस जारी हुआ था अभियुक्त रईस पुत्र कमालुद्दीन निवासी जयप्रकाश नगर थाना कोंच जनपद जालौन को गिरफ्तार किया गया बताया गया वह काफी समय से फरार चल रहा था और उसके खिलाफ कोर्ट द्वारा वारन्ट जारी हुआ था

भारतीय संविधान के जनक डॉ. बीआर अंबेडकर को कंपोजिट विद्यालय जोगीठेर में याद किया गया

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली। भारतीय संविधान के जनक डॉ. भीमराव अंबेडकर जिन्हें बाबा साहेब भी कहा जाता है के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर 6 दिसंबर यानी शुक्रवार को कंपोजिट विद्यालय जोगीठेर में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई, इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक लाल बहादुर गंगवार ने कहा कि बाबा साहेब एक भारतीय विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, समाज सुधारक और राजनीतिक व्यक्ति थे, जिन्होंने संविधान सभा में चर्चा के आधार पर भारत के संविधान का मसौदा तैयार करने वाली समिति के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। उन्होंने जवाहरलाल नेहरू की पहली कैबिनेट में कानून और न्याय मंत्री का पद भी संभाला और हिंदू धर्म त्यागने के बाद दलित बौद्ध आंदोलन के लिए प्रेरणास्त्रोत के रूप में कार्य किया। विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक रमेश सागर ने परिनिर्वाण दिवस का अर्थ बताते हुए छात्र-छात्राओं को बताया कि परिनिर्वाण की स्थिति बौद्ध धर्म की मूलभूत अवधारणाओं में से एक है। यह उस व्यक्ति को दर्शाता है जिसने अपने जीवनकाल में और मृत्यु के बाद निर्वाण या स्वतंत्रता प्राप्त कर ली हो। संस्कृत में परिनिर्वाण कहा जाता है।

फड़ पटरी वालों का आरोप बिना नोटिस दिए हमारा रोजगार छीनने में लगा नगर निगम प्रशासन

क्यूँ न लिखूँ सच -सिकंदर राजा

उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद सदर कोतवाली क्षेत्र टाउन हॉल फड़ पटरी वालों का आरोप है हम यहां बरसों से बाजार लगाते आ रहे हैं लेकिन अब यहां नगर निगम प्रशासन अतिक्रमण के नाम पर हमारा रोजगार छीनने में लगा है उनका कहना है कि आज नगर निगम की टीम यहां बाजार में आई थी और बुलडोजर चला कर हमारी जगह पर खुदाई करना शुरू कर दी आरोप है की जब इस संबंध में उन्होंने वार्ता की तो उन्होंने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया बता दें कि गरीब तत्व के लोगों ने जब ये बात पूछी हमें किस लिए यहां ये हटाया जा रहा है और यहां खुदाई क्यों की जा रही है या कोई बेंडिंग जॉन बनाया जा रहा है लेकिन नगर निगम प्रशासन ने कुछ नहीं बताया और खुदाई करके वहा से चला गया सभी दुकानदारों का आरोप है की बिना नोटिस के हम सभी को हटाया गया है आरोप है नगर निगम प्रशासन अतिक्रमण के नाम पर हमें परेशान कर रहा है फड़ पटरी वालों का यह भी आरोप है कि हम कुछ दुकानदार कुछ ऐसे भी थे जो नगर निगम के उत्पीड़न को सहते सहते यह दुनिया छोड़कर चले गए अब हम सिर्फ 35 ही दुकानदार बचे हैं लेकिन नगर निगम प्रशासन अपनी मनमानी करने से पीछे नहीं हट रहा और हमारी रोजी रोटी छीनने में लगा है फड़ पटरी बालो का ये भी कहना है की हमने नगर निगम की टीम से पूछा कि आपके पास कोई आदेश या नोटिस आया है तो हमे दिखाओ लेकिन नगर निगम प्रशासन हमसे यह कहकर निकल जाता है कि हमारे पास सरकार की तरफ से आदेश हैसभी को हटाया जाए आरोप है की नगर निगम प्रशासन अब सिर्फ सरकार को बदनाम करने की साजिश में लगा है फड़ पटरी बोले कि सरकार का ये कहना है कि पहले गरीबों को रहने की जगह दें फिर उनको वहां से हटाया जाए फिलहाल टाउन हॉल के सभी फड़ पटरी वाले लोग इस संबंध में शिकायत करने के लिए नगर आयुक्त के पास अपनी समस्या का समाधान को लेकर कई बार मिल चुके हैं लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ है फिलहाल इस पूरे प्रकरण को लेकर सभी फड़ पटरी वाले लोगो ने नगर विधायक से वार्तालाप की है उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले में जल्द ही वार्तालाप की जाएगी अब देखने वाली बात यह होगी इन सभी फड़ पटरी वालों को वहां से हटाया जाएगा अगर इनको बहा से हटाया जाएगा तो क्या उनके परिवार का पालन पोषण करेगा नगर निगम यह सोचने की बात है

सिल्वर बेल्स पब्लिक स्कूल के प्रांगण में जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का भव्य आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच
राकेश गुप्ता

